दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 14.09.2023

सत्र 2023–24 छात्रवृत्ति सम्बन्धी आवश्यक सूचना

सत्र 2023–24 में उत्तर प्रदेश दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के इच्छुक समस्त विद्यार्थियों को निम्न सूचनायें प्रदान की जाती हैं–

1. छात्रवृत्ति ऑनलाइन आवेदन पत्र में छात्रों द्वारा भरे गये आधार नम्बर का आथेन्टिकेशन होने के पश्चात ही आवेदन पत्र अग्रसारित होगा।
2. छात्रों के हाईस्कूल अंकपत्र में दिये गये नाम, पिता का नाम एवं जन्मतिथि के आधार पर आधार कार्ड बनवाया जाना आवश्यक है।
3. यदि किसी छात्र का आधार कार्ड बन गया है और उसमें त्रुटि है तो उसे हाईस्कूल अंकपत्र में दिये गये डाटा के आधार पर आधार कार्ड को अपडेट किया जाना है।
4. यदि माता–पिता की पुत्री का विवाह हो गया है तो आधार कार्ड में पति का नाम एवं ससुराल के पते को अपडेट कराया जाना है।
5. **यदि आधार कार्ड में छात्र का नाम, जन्मतिथि अथवा आधार नम्बर मिसमैच होगा, तो आधार नम्बर आथेन्टिकेट न होने के कारण छात्रवृत्ति आवेदन पत्र अग्रसारित नहीं होगा।**
6. चालू वित्तीय वर्ष 2023–24 में छात्रवृत्ति के पोर्टल को मिनिस्ट्री ऑफ इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड इन्फारमेशन टेक्नोलाजी, भारत सरकार नई दिल्ली के डिजिटल प्लेटफार्म डिजीलॉकर को API से लिंक किया जा रहा है।
7. **छात्रवृत्ति हेतु छात्र के स्तर से रजिस्ट्रेशन के समय उसका व्यक्तिगत विवरण यथा – नाम, पिता का नाम, जन्मतिथि, पता, जेंडर व फोटो को आधार से आटोफेच किया जायेग।**

अतः महाविद्यालय के समस्त विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि, वे अपने आधार कार्ड में **समस्त व्यक्तिगत विवरण में यदि कोई त्रुटि है या आधार कार्ड पर उसका फोटो पुराना लगा हुआ है तो उसे अपडेट कराते हुए नये फोटोग्राफ के साथ आधार कार्ड को अनिवार्य रूप से अतिशीघ्र जारी करवा लें।**

(हस्ताक्षर) 14-09-2023
(डॉ.) सुभाष चन्द्र
छात्रवृत्ति नोडल अधिकारी

(हस्ताक्षर)
प्रो.(डॉ.) ओम प्रकाश सिंह
प्राचार्य